
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गांवों में भारी बरसात से रास्ते हो चुके है पूरी तरह से ध्वस्त

**जिम्मेदार कौन**

## ध्वस्त पड़े रास्ते क्षेत्र में बीमार मरीजो व गर्भवती महिलाओं के लिए बने परेशानी का सबब

अब सीमांत के गांवों में जरूरत के सामान की किल्लत बढ़ने के आसार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत के तहसील क्षेत्रों में मानसून की दस्तक सीमांत के तहसील क्षेत्र के ग्रमीणों के लिए अब परेशानी का सबब बनने लगी है। आलम यह है कि सीमांत में मानसून की पहली बरसात के चलते सीमांत के तहसील क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों के बंद होने के कारण अब सैकडों गांवों के पैदल रास्ते पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके है।

वही आलम यह है कि क्षेत्र के ग्रमीणों के साथ क्षेत्र के बीमार व गर्भवती महिलाओं के लिए बदहाल और ध्वस्त पड़ चुके रास्ते परेशानी का सबब बन चुके है। बता दें कि सीमांत के तहसील क्षेत्र में पैदल



रास्तें के ध्वस्त होने के कारण अब सीमांत के गांवों में जरूरत के सामान की किल्लत बढ़ने के आसार बन चुके है। जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील मुंसयारी ब्लाक के चिलमधार मल्ला जौहार पैदल रास्ता मापांग से नाहरदेवी के बीच कई जगहों पर बंद हो चुका है।

ऐसे में मल्ला जौहार के बुर्फु ,बिल्जू ,मर्तोलील्वां ,गनघर ,मापा, खिलांच,तोला,रिलकोट तोला मिलम सहित कई गांवों के ग्रमीणों को परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। दूसरी ओर जिले के अंतिम गांव नामिक जोड़ने वाला पैदल रास्ता नामिक झूलापुल से करीब पर ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में आवाजाही के लिए क्षेत्र के ग्रमीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी है।

धारचूला विकास खंड के गलाती और खुमती गांव को जाने वाला पैदल रास्ता जगह जगह से पूरा पूरा ध्वस्त हो चुका है। वही यहां पर भी क्षेत्र के ग्रमीणों को आवाजाही के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है।

वही सीमांत में जगह से जगह से ध्वस्त पड़े रास्तों को खोले जाने की मांग क्षेत्र के ग्रमीण उठा रहे है। एडीएम एफ आर चौहान ने बताया कि पैदल ध्वस्त पड़े रास्तों को खोले जाने के निर्देश दे दिये गये है।

## न्यूज डायरी

### राजीव गांधी अभिनव विद्यालयों को अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में मर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण

**संवाददाता** गोपेश्वर। कांग्रेस के मुख्य जिला प्रवक्ता विकास जुगरान ने भाजपा सरकार के उस निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है जिसमें राजीव गांधी अभिनव विद्यालयों को अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में मर्ज करने की बात की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई उपलब्धि न होने के चलते भाजपा की ओर से विद्यालयों के नाम बदलने का कार्य किया जा रहा है। जुगरान ने कहा कि ये भाजपा की ओर से राजनीति की गलत परंपरा की आधारशिला रखी जा रही है। जिससे पूर्ववर्ती सरकारों की उपलब्धियों को कमतर करने का प्रयास है। बहुमत के दम पर दुर्भायपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। ये एकदम निचले स्तर की राजनीति है। उन्होंने कहा कि आमजन सरकार के इस निर्णय से आक्रोशित है।

### महिलाओं को टमाटर से चटनी बनाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**संवाददाता** पुरोला। बिकासखंड पुरोला के नेत्री गांव की महिलाओं को उतराखंड विकेंद्रीकरण जलागम विकास परियोजना ग्राम्या 2 के ततवादान में गंगा माता कृशक समूह नेत्री में टमाटर से चटनी बनाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे समूह की महिलाओ ने बढ–चढ कर भाग लिया व 40 किलो टमाटर से चटनी तैयार की गई। जलागम के यूनिट अधिकारी विजय घिलडीयाल व ज्योति ने बताया कि गांव में ग्रामिणों के टमाटर खराब ना हो इसी के तहत जलागम के माध्यम से गाँव में जाकर महिला समूहो की आय बढाने व ग्रामिणों को जागरूक करने के लिए एक दिवसीय टमाटर से चटनी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे महिलाओं के द्वारा 40 किलो चटनी तैयार की गई है।

### सनहार्ट ग्रुप ने अजंता ओरेवा ग्रुप के साथ हाथ मिलाकर रचा इतिहास

**संवाददाता** देहरादून। आज के समय में टाइल्स हर किसी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है. बात घर की हो, ऑफिस की हो या फिर किसी अन्य जगह की, टाइल्स के बगैर किसी भी जगह की कल्पना करना मुश्किल हो गया है। टाइल्स किसी निश्चित स्थान की इंटीरियर की खूबसूरती को और उसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देतीं हैं. उल्लेखनीय है कि टाइल्स के उत्पादन के क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी तीन देशों में शामिल है और ये उद्योग प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। सनशाइन टाइल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भारत में एक प्रतिष्ठित और लोकप्रिय कंपनी है जो कि अपना व्यवसाय सनहार्ट ब्रांड के नाम से संचालित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सनहार्ट ब्रांड भारतीय सिरामिक इंडस्ट्री का छठा सबसे युवा ब्रांड बन गया है।

## कांग्रेसियों का कोतवाली में सत्याग्रह विधायक के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऊर्जा निगम उपखंड के अधिकारी की ओर से कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला के खिलाफ विद्युत पोल पर पेंटिंग किए जाने के आरोप को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल के दबाव में की गई कार्रवाई बताया। इससे गुस्साए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता यहां सत्याग्रह पर बैठ गए। इस दौरान इनकी पुलिस से भी नोकझोंक हुई।

ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी ने विद्युत पोल पर पेंटिंग कराए जाने के खिलाफ कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला और उजपा नेता कनक धनाई के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके खिलाफ बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ कोतवाली पहुंची और यहां क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और ऊर्जा निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां धरना देकर सत्याग्रह शुरू किया।

मौके पर पूर्व काबीना मंत्री शूरबीर सिंह सजवाण, कांग्रेस के प्रदेश महा सचिव राजपाल खरोला, एआइसीसी सदस्य जयेंद्र रमोला ने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से स्थानीय विधायक के दबाव में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ऊर्जा निगम को सरकारी बिजली के पोल पर लगे विधायक के बड़े–बड़े होर्डिंग नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के दबाव में पुलिस के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## सादगी से मनाया गया ईद का त्योहार

**संवाददाता** देहरादून। जुलाई नेतजी संघर्ष समिति के प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी के निवास स्थान सेवला कलां मे ईद का त्योहार सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर नमकीन व मीठे पकवान बनाये गये। कोरोना काल के करण इस वर्ष लोगों की उपस्थिति कम रही घर के बड़ों और बच्चों ने दूरी बना कर घर मे नमाज अदा की और पूरे आलमे इंसानियत के लिये की दुआ की। कोरोना जल्द खत्म हो पूरी दुनियां को सुकून हासिल हो और भारत देश तरक्की करे आपसी भाई चारा बना रहे ये दुआएं की गई। कुछ लोगों ने घर पहुंच तो कुछ लोगों ने फोन कर बधाई दी। इस अवसर पर आरिफ वारसी,सादिक वारसी सालार,जेद,उजैर,वाहिद वारसी,अरविन्द गुप्ता, प्रभात डंडरियाल, अतुल शर्मा,दिवाकर जोशी, सुनील धस्माना इलयास कुरेशी, दानिश नूर आदि शामिल रहे।

# सॉलिसिटर जनरल से खनन कारोबारियों की पैरवी कराने पर क्यों आमदा है सरकार: मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित खनन कारोबार से जुड़ी दो जनहित याचिकाएं 104/2019 व 212/2019, जिसके द्वारा स्टोन क्रेशर स्क्रीनिंग प्लांट पॉलिसी को चुनौती दी गई है तथा इस मामले में सुनवाई हेतु 22 जुलाई 2021 की तिथि नियत है। उक्त याचिकाओं के माध्यम से जनपद हरिद्वार, उधम सिंह नगर व नैनीताल के लगभग 300 से अधिक स्क्रीनिंग प्लांट्स स्टोन क्रशर को स्कूल,अस्पताल आवासीय तथा धार्मिक क्षेत्र इत्यादि स्थानों से 300 मीटर दूर रखने एवं एक सुझाव के तहत अन्यत्र

### महाधिवक्ता व सरकारी वकीलों की फौज क्यों हो गई फ्लॉप

(औद्योगिक आस्थान क्षेत्र के रूप में विकसित कर) स्थापित किए जाने तथा पर्यावरण संरक्षण किए जाने से संबंधित है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि सरकार की छटपटाहट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उक्त याचिकाओं में पैरवी हेतु सरकार द्वारा प्रदेश के महाधिवक्ता व सरकारी वकीलों की टीम को दरकिनार कर सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता को विशेष रुप से आबद्ध किया गया है। कहीं खनन कारोबारियों का अहित न हो जाएय इसलिए मा.सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली में तैनात सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया को आबद्ध (एंगेज) किया गया। नेगी ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या उच्च न्यायालय में तैनात सरकारी वकील नाकाबिल हैं या खनन कारोबारियों का सरकार पर दबाव है। अधिकांश मामलों में सरकार द्वारा बाहर के वकील बुलाकर वादों में पैरवी करानी पड़ रही है, जिसमें पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। नेगी ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इन 100–150 सरकारी वकीलों की फौज पर लाखों–करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है, बावजूद इसके, इनकी नाकामी की वजह से अधिकांश मामले में मा. न्यायालय में रोजाना अधिकारियों की व्यक्तिगत पेशी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहे हैं तथा अधिकारी रोजाना डांट खा रहे हैं।

## पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंबरीश कुमार का निधन

**संवाददाता** हरिद्वार। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और हरिद्वार की राजनीति के स्तंभ अमरीश कुमार का निधन हो गया है। उनके निधन पर राजनीतिक हलकों में शोक है। आपको बता दें कि पिछले कई दिनों से वे बीमार थे। कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान वे कोरोना की चपेट में भी आए थे। पिछले कई दिनों से चल रहे थे बीमार उन्हें कोरोना की दूसरी लहर मैं कोरोना संक्रमण भी हो गया था। वहीं, उनके निधन पर हरिद्वार सांसद और पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने शोक जताया है। निशंक ने ट्वीट किया, उनके निधन का समाचार सुनकर गहरा धक्का लगा है। वे उत्तर प्रदेश की विधानसभा से मेरे मित्र रहे। अनेक सामाजिक विषयों पर हमेशा हमारी चर्चा होती रही। वहां दलगत राजनीति को हमने कहीं आड़े नहीं आने दिया था। वे संसदीय ज्ञान के मर्मज्ञ थे। उनके निधन से निश्चित रूप में क्षति हुई है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।